दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 14 सितंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 346

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, एडीजी प्रदीप गुप्ता ने देखा फाइनल रिहर्सल

- कार्यक्रम स्थल में प्रत्येक व्यक्ति के सीसीटीवी से होगी निगरानी
- सभी व्यक्तियों एवं उनके पास रखे सामाग्रियों की प्रवेश द्वार पर होगी फिजिकल और मशीनों से जांच
- कार्यक्रम में सभी प्रकार के मादक पदार्थ, ज्वलनशील सामाग्री लेकर आने की है मनाही

**रायगढ़।** आज 14 सितंबर को रायगढ़ के कोड़ातराई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के होने वाले कार्यक्रमों को लेकर आज भी सुरक्षा व्यवस्था समेत सभी तैयारी का जायजा अधिकारियों द्वारा लिया गया। कल 12 सितंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करने मुख्य सचिव अमिताभ जैन व डीजीपी अशोक जुनेजा रायगढ़ पहुंचे थे जिन्होने प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार जिंदल एयर स्ट्रीप, कोड़ातराई आयोजन स्थल, रूट प्लान के साथ अन्य सभी तैयारियों का जायजा लिया गया। इसी क्रम में आज सुबह कार्यक्रम सुरक्षा व्यवस्था के प्रभारी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (योजना/प्रबंध) प्रदीप गुप्ता द्वारा आईजी बिलासपुर अजय यादव, आईजी पुलिस मुख्यालय डॉ. संजीव शुक्ला तथा अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ फाइनल रिहर्सल देखा गया। उनके द्वारा कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, मार्ग सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक खामीपूर्तियों को आज ही दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं।

प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस सुरक्षा मापदंडों के अनुरूप पूरे कार्यक्रम स्थल को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखा गया है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रत्येक व्यक्तियों की पुलिसकर्मियों द्वारा फिजिकल जांच के साथ एचएचएमडी और डीएफएमडी से जांच करेंगे की व्यवस्था की गई है। कल शाम एडीजी प्रदीप गुप्ता द्वारा कंट्रोल रूम में पुलिस अधिकारियों की मीटिंग लेकर कार्यक्रम स्थल में सभी प्रकार के मादक पदार्थ-बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा, पान मसाला ले जाने की मनाही होगी, ज्वलशील पदार्थ- माचिस, लाइटर, लेजर तथा धारदार वस्तुएं- चाकू, कैंची, कटर, नेलकटर, ऑलपिन, पेचकस, प्लास जैसा धारदार हथियार या अग्नि सामग्री कार्यक्रम स्थल तक ना पहुंचे, इसके निर्देश पुलिस अधिकारी को दिया गया है।

कार्यक्रम स्थल में प्रशासन द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई है, इसलिये कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्ति



आपने साथ पानी बोतल, कोल्ड ड्रिंक, कैन या अन्य खाने पीने की चीजें टिफिन, डिब्बा, थैला ना लाएं।

कार्यक्रम में शामिल होने बस, निजी वाहन एवं दुपहिया से आने वालों के लिए कार्यक्रम से सामान्य दूरी पर पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, कार्यक्रम स्थल में व्हीव्हीआईपी/व्हीआईपी के लिये अलग-अलग दो पार्किंग- पार्किंग क्रमांक-1 और पार्किंग क्रमांक-2 बनाया गया है तथा पास धारित मीडिया एवं शासकीय वाहनों के लिए पार्किंग क्रमांक- 3 बनाया गया है।

## व्हीव्हीआईपी प्रवास को लेकर यातायात पुलिस ने जारी किया आवागमन निषेधाज्ञा व निर्देश

### रायपुर, सारंगढ़ की ओर जाने के बदला गया मार्ग

**रायगढ़।** यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोड़ातराई में प्रस्तावित कार्यक्रम दौरान व्हीव्हीआईपी सुरक्षा एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कल दिनांक 14.09.2023 को प्रातः 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक चंद्रपुर, रेंगालपाली, खरसिया, पूंजीपथरा पॉइंट से आने वाले भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। वहीं यातायात पुलिस द्वारा आमजन, वाहन चालक एवं ट्रांसपोर्टरों को यह जानकारी दी जा रही है कि छोटे वाहन जैसे कार, जीप, टैक्सी व मोटरसाइकिल जिन्हें रायगढ़ से होते हुये सारंगढ़ या रायपुर की ओर जाना है वे रायगढ़ से रेंगालपाली रोड में लारा तिराहा होते हुए पुसौर बोरोडीपा चौक से थाना सरिया होते हुए चंद्रपुर से सारंगढ़ या बरमकेला होकर सारंगढ़, रायपुर की ओर प्रस्थान कर सकते हैं। साथ ही जिन वाहन चालकों को सारंगढ़ से रायगढ़ की ओर आना है वे चंद्रपुर से डभरा मार्ग होते हुए रायगढ़ आ सकते हैं या फिर चंद्रपुर से सरिया मार्ग का उपयोग कर पुसौर बोरोडीपा चौक से लारा रोड़ होते हुए रेंगालपाली रोड़ से रायगढ़ की ओर आ जा सकते हैं। इसी प्रकार धरमजयगढ़, घरघोड़ा मार्ग से रायगढ़ की ओर आने वाले वाहन छाल से खरसिया मार्ग का उपयोग कर सकते हैं। यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से तैयार किए गए रूट प्लान का पालन करने की अपील की गई है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर : राजौरी में मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को किया ढेर, एक जवान शहीद

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के नरला इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक आतंकी को ढेर कर दिया है, जबकि सेना का एक जवान शहीद हो गया है। पुलिस ने बताया कि राजौरी जिले के नरला इलाके में मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है। जबकि, सेना का एक जवान शहीद हो गया है। एक पुलिस एसपीओ सहित तीन अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस और सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम को नरला इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर सुरक्षाबल पहुंच गए। जब आतंकियों ने खुद को सुरक्षाबलों से घिरा देखा तो उन पर फायरिंग कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। ज्ञात हो कि हाल के दिनों में पूरे जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच सिलसिलेवार मुठभेड़ हुई है, जिसमें कई आतंकवादियों का सफाया किया गया है।

### संसद के विशेष सत्र से पहले नए संसद भवन पर फहराया जाएगा तिरंगा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अमृत काल को लेकर मोदी सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन पर देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। सरकार ने 18 से 22 सितंबर के दौरान संसद का यह विशेष सत्र बुलाया है। इससे एक दिन पहले 17 सितंबर को नए संसद भवन पर तिरंगा फहराए जाने की तैयारी की जा रही है। आपको बता दें कि, 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का भी दिन है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। बताया जा रहा है कि 17 सितंबर को उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ एवं लोक सभा स्पीकर ओम बिरला संसद के नए भवन के गजद्वार पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। आपको बता दें कि अमृत काल को लेकर सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र के पहले दिन 18 सितंबर को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही संसद के पुराने भवन में उसी तरह से शुरू होगी जैसे कि पहले हुआ करती थी और विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में हो सकती है। बताया जा रहा है कि विशेष सत्र के दूसरे दिन 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा करने के बाद नए संसद भवन में कामकाज शुरू हो जाएगा।

### सपा नेता आजम खान के कई ठिकानों पर आईटी की छापेमारी, बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**रामपुर (आरएनएस)।** सपा नेता आजम खान की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। आजम खान के ठिकानों पर इनकम टैक्स ने सुबह से छापेमारी शुरु कर दी है। ये छापेमारी रामपुर, मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, सीतापुर, लखनऊ और आईटी में कुछ जगहों पर चल रही है। आजम खान का अल जौहर ट्रस्ट भी आईटी के रडार पर है। रामपुर में आईटी की बड़ी टीम सर्चिंग में जुटी है। आजम खान के ठिकानों पर बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया है। हालांकि, अभी तक आयकर विभाग की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। आयकर विभाग की कई टीमें अलग अलग जगहों पर छापेमारी में जुटी हैं। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद से सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। आजम खान को हेट स्पीच के मामले में सजा भी सुनाई जा चुकी है। इसके चलते उनकी विधानसभा सदस्यता भी रद्द हो गई थी। इसके अलावा आजम खान की रामपुर में मौलाना अली जौहर नाम की यूनिवर्सिटी भी जांच एजेंसियों के रडार पर है। इसी यूनिवर्सिटी को मौलाना मुहम्मद अली जौहर ट्रस्ट संचालित करता है। आरोप है कि आजम खान ने जौहर यूनिवर्सिटी को बनाने के लिए तमाम जमीन अधिग्रहण की थी।

## अयोध्या : रामजन्मभूमि की खुदाई के दौरान मिले प्राचीन मंदिर के अवशेष, कई मूर्तियां और शिवलिंग

**अयोध्या (आरएनएस)।** रामजन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण आखिरी चरण में है। इस दौरान खुदाई में प्राचीन मंदिर के अवशेष मिले हैं। इस बारे में राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने एक फोटो शेयर की जिसमें ये अवशेष इक_I करके रखे गए हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने लिखा, रामजन्मभूमि पर खुदाई में मिले प्राचीन मंदिर के अवशेष। इसमें अनेकों मूर्तियाँ और स्तंभ शामिल हैं। हालांकि इससे अधिक कोई जानकारी अभी नहीं दी गई है।इसमें प्राचीन मूर्तियों के अवशेष, प्राचीन मंदिर के स्तंभ, शिवलिंग के अवशेष और अन्य पत्थर शामिल हैं। ये सभी अवशेष मंदिर परिसर में सुरक्षित रखे गए हैं। रामलला के दर्शन करने आने वाले भक्तों को ये अवशेष देखने का भी मौका दिया जा ता है। इसके लिए गैलरी में इन्हें रखा गया है जहां इनसे जुड़ी जानकारी दी जाती है। पत्थरों पर नक्काशी दिखाई दे रही है। स्तंभों पर भी नक्काशी के साथ प्रतिमाएं बनी दिख रही हैं।



## सड़क किनारे खड़ी बस को ट्रक ने मारी टक्कर, 11 की मौत

**जयपुर (आरएनएस)।** भरतपुर में हुए एक दर्दनाक हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं, इस दुर्घटना में 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना लखनपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 21 पर हंतारा के पास सुबह 5.30 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मरने वालों में 6 महिला और 5 पुरुष शामिल हैं। सभी मृतक भावनगर गुजरात निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार बस भावनगर से मथुरा जा रही थी। सुबह भरतपुर-आगरा हाईवे पर अचानक बस खराब हो गई। ड्राइवर और उसके साथी समेत अन्य यात्री भी बस से उतर गए। ड्राइवर और उसके साथी बस को सही कर रहे थे कि इसी दौरान ट्रक ने टक्कर मारी



और किनारे खड़े लोगों को कुचलते निकल गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों के ड्राइवर ने सडक़ पर पड़े बेसुध लोगों को देखा तो पुलिस को कॉल किया और एम्बुलेंस को बुलाया। सभी के शवों को भरतपुर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है।

सूचना मिलने पर नदबई थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी घायलों और मृतकों को आरबीएम जिला अस्पताल पहुंचाया। जानकारी मिली है कि गुजरात के भावनगर से प्राइवेट बस में सवार होकर यात्री मथुरा वृंदावन के दर्शन करने के लिए आ रहे थे कि हंतरा पुल के पास इनकी बस खराब हो गई। बस खराब होने के बाद कुछ यात्री बस के नीचे उतर कर खड़े हो गए और कुछ यात्री बस में ही बैठे थे। इतने में ही तेज गति से आ रहे ट्रेलर ने उनकी बस में टक्कर मार दी। सूचना पर भरतपुर जिला कलेक्टर लोक बन्धु क्रक्चरू अस्पताल पहुंचे हैं। घायलों के उपचार को लेकर अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए हैं। घटनास्थल पर एसपी मृदुल कच्छावा ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली है।

गुजरात के भावनगर निवासी घायल बाला भाई ने बताया कि वह भावनगर से हरिद्वार जा रहे थे। अम्बा रम्बाई, भावनगर में उनके गांव और आसपास के क्षेत्र से पूरी श्रद्धालुओं की मंडली बस में मौजूद थी, जिनमें 55 से 57 पुरुष और महिला श्रद्धालु शामिल थे। बस का डीजल खत्म हो गया था, तो बस हाइवे पर खड़ी हुई थी। डीजल का इंतजाम करने में ड्राइवर कंडक्टर लगे हुए थे। कुछ सवारियां नीचे उतरी हुई थीं। जबकि कुछ बस में सो रही थीं, तभी अचानक पीछे से ट्रेलर वाहन ने टक्कर मार दी और वह बस को चीरते हुए आगे निकल गया।

## प्रोजेक्ट वीरगाथा 3.0 : छत्तीसगढ़ के स्कूलों में आजादी के दिवानों और वीर जवानों की गाथाओं पर होंगे कार्यक्रम, कक्षा 3 से 12 वीं तक के विद्यार्थी लेंगे हिस्सा

- राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होंगे सुपर 100 विजेता
- प्रत्येक विजेता को मिलेगा 10 हजार रूपए की पुरस्कार राशि, पदक और रक्षा मंत्रालय का प्रमाण पत्र
- राज्य स्तर पर 8 और जिला स्तर पर 4 विजेता होंगे सम्मानित

**रायपुर।** आजादी के 75 वें वर्ष गांठ के अवसर पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में देश के आजादी के दिवानों और सेना के वीरता पुरस्कार प्राप्त जवानों की गाथाओं पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वीरगाथा प्रोजेक्ट 3.0 के तहत किए जाने वाले इन आयोजनों में शासकीय और अशासकीय स्कूलों के कक्षा 3 से 12 वीं तक के स्कूली बच्चें विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे।

प्रोजेक्ट वीरगाथा 3.0 में वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वाले जवानों की जीवन से मिली सीख, वीरता पुरस्कार प्राप्त जवानों का देश के लिए सर्वोच्च बलिदान, मेरे सपनों में रानी लक्ष्मीबाई, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन, आजादी के आंदोलन में आदिवासियों का योगदान आदि विषयों रखें गए है। विद्यार्थी इन विषयों पर आधारित कविता, कहानी, पेटिंग, मल्टीमीडिया प्रस्तुति देंगे।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी स्कूलों को प्रस्तुति के पूर्व स्कूलों को Mygov पोर्टल पर प्रविष्टियां ऑनलाईन जमा होना शुरू हो चुका है। प्रविष्टियों के मामले में छत्तीसगढ़ अभी देश में चौथे स्थान पर है। छत्तीसगढ़ से 7979 प्रविष्टियों की जा चुकी हैं, इनमें शासकीय स्कूलों से 7638, निजी स्कूलों से 85 और सीबीएसई पाठयक्रम वाले स्कूलों से 256 प्रविष्टियां की जा चुकी हैं। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला मिशन समन्वयकों को निर्देशित किया है कि सभी स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाए और 15 सितम्बर के भीतर की समय सीमा में पोर्टल में एंट्री हो जाएं। छात्रों की ओर से स्कूल प्रविष्टियां जमा करेंगे फिर इन प्रविष्टियों का मूल्यांकन जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा। विजेताओं का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्तर पर सुपर 100 विजेता चयनित होंगे। यह चार श्रेणियों (कक्षा 3-5, 6-8, 9-10,11-12) में से 25 विजेता घोषित होंगे। प्रत्येक विजेता को 10 हजार रूपए की पुरस्कार राशि एक पदक और रक्षा मंत्रालय द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा। भारत सरकार रक्षा मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय संयुक्त रूप से इन विजेताओं को पुरस्कृत करेगा। राज्य, संघ राज्य क्षेत्र स्तर के 8 विजेता (प्रत्येक श्रेणी से 2 विजेता) होंगे। सुपर 100 विजेता इसमें शामिल नही होंगे। संबंधित राज्य या केन्द्र शासित प्रदेश के विजेता वहां के प्रधान सचिव या सचिव शिक्षा द्वारा सम्मानित होंगे। जिला स्तर पर 4 विजेता (प्रत्येक श्रेणी से 1 विजेता) होगा। सुपर 100 व राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश के विजेता इसमें शामिल नहीं होंगे। जिला आयुक्त, जिला मजिस्ट्रेट, जिला उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा छात्रों को संयुक्त रूप से सम्मानित किया जाएगा।

## गाजियाबाद : सातवें फ्लोर के फ्लैट में लगी भीषण आग

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** गाजियाबाद के कौशांबी इलाके में एक सोसाइटी के अंदर बने टावर के सातवें फ्लोर के फ्लैट में रात डेढ़ बजे के आसपास आग लगने की सूचना फायर विभाग को मिली। मौके पर पहुंची फायर विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया और अंदर फंसे लोगों को रेस्क्यू भी किया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

गाजियाबाद के फायर विभाग से मिली सूचना के मुताबिक, फायर स्टेशन वैशाली में रात करीब 1.36 बजे एक्सप्रेशन टावर कोशाम्बी के फ्लैट नम्बर-709 के सातवें तल में घर में आग की सूचना मिली थी। फायर स्टेशन वैशाली से दो फायर टैंकर यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए।

घटनास्थल पर जाकर देखा गया की घर से आग की लपटे और काला धुआँ बहुत तेजी से बाहर आ रहा था। धुआँ इतना ज्यादा था कि फायर फाइटिंग करने में परेशानी हो रही थी, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद उस पर काबू पा लिया गया।

आग फ्लैट निवासी अभिजीत के घर पर लगी थी। घर में रखे बैड, सोफा, टिन अलमीरा तथा फ्रिज आदि समान जलकर नष्ट हो गए। धुएं के कारण आस-पास के फ्लैटो में फंसे लोगो को फायर यूनिट ने सुरक्षित बाहर निकाला। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आयुष्मान भव अभियान का किया शुभारंभ : उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने वर्चुअली जुड़कर राज्य स्तर पर की अभियान की शुरुआत

- 'सेवा पखवाड़ा' अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान मेलों और आयुष्मान सभाओं का होगा आयोजन
- उप मुख्यमंत्री ने शुभारंभ कार्यक्रम में बांटे आयुष्मान कार्ड, टीबी मरीजों को गोद लेने वाले निक्षय मित्रों का किया सम्मान, सिंहदेव ने खुद 10 मरीजों को लिया है गोद

**रायपुर ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज गांधीनगर से 'आयुष्मान भव' अभियान का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने अंबिकापुर से शुभांरभ कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़कर राज्य में इस अभियान की शुरुआत की। देश के हर गांव और शहर तक स्वास्थ्य सेवाओं की अधिकतम कवरेज प्रदान करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत आगामी 17 सितम्बर से आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के तहत पात्र व्यक्तियों



को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जाएगा। आयुष्मान मेलों के रूप में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविरों का आयोजन कर स्वैच्छिक रक्तदान से जुड़ी जानकारी प्रदान की जाएगी। लोगों को स्वैच्छिक अंगदान के लिए जानकारी देने के साथ ही इसके लिए प्रतिज्ञा भी करवाई जाएगी। अभियान के तहत 2 अक्टूबर से ग्राम एवं वार्ड स्तर पर आयुष्मान सभा आयोजित कर स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने राज्य में 'आयुष्मान भव' योजना का शुभारंभ करते हुए सभी स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर इनसे जोड़ने को कहा। सिंहदेव ने कार्यक्रम में हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। उन्होंने टीबी के मरीजों को गोद लेने वाले निक्षय मित्रों को सम्मानित भी किया। सिंहदेव ने खुद दस मरीजों को गोद लिया है।

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत निक्षय मित्र योजना के तहत कोई भी व्यक्ति, स्वयं-सेवी संस्था, संगठन, औद्योगिक इकाई या राजनीतिक दल टीबी मरीज को पोषण आहार उपलब्ध कराने के लिए गोद ले सकता है। टीबी के इलाज में पोषक आहार काफी महत्वपूर्ण है। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में टीबी के मरीजों को पोषण आहार टोकरी प्रदान किया। सरगुजा के कलेक्टर कुंदन कुमार, सरगुजा जिला पंचायत के उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एन. गुप्ता के साथ स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।